खेती दुनिया, पटियाला • 10-03-2018

शुद्ध जल का प्रतीक है जल कल्प फिल्टर

गांव चिंतामनपुर जो की चकिया प्रखंड जिला पूर्वी चंपारण बिहार में पड़ता है, उस गांव में संस्था के द्वारा किरपा देवी जो की सुरेश बैठा की पत्नी है के घर में दो माह पहले जलकल्प वाटर फिल्टर लगाया गया है और उनका सभी परिवार जलकल्प फिल्टर का पानी पिते आ रहे है। संस्था के कार्यकर्ता के द्वारा अब किरपा देवी जिनकी उम्र लगभग 45 साल है से इस जलकल्प फिल्टर के फायदे के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया की अगर शरीर और परिवार दोनों को रोग मुक्त रखना है तो जलकल्प का पानी बहुत जरूरी है।

मैंने पूछा कैसे तो उन्होंने बताया की हमें पहले पेट में गैस बनता था, खट्टी डकारें आती थी, उलटी जैसा मन होते रहता था इसी में सर दर्द भी करता था तथा शरीर में सुस्ती बनी रहती थी, जिससे मैं और मेरा परिवार परेशानी का सामना करना परता था, क्योंकि डॉक्टर की फीस तथा उसके द्वारा लिखे दवाओं का सेवन से मन ब्याकुल हो गया था।

जब से जलकल्प फिल्टर हमारे घर मे लगा उसके पानी पीने से पेट संबंधित बीमारी कोशो दूर चली गई है। हमारे घर में खाना बनाने के लिए जलक्लप फिल्टर का पानी रोज लगभग 35 से 40 लीटर पानी का प्रयोग करते है। किरण देवी जी का कहना है कि फिल्टर का पानी से खाना बनाने से खाना का स्वाद बहुत ही अच्छा लगने लगा है। पहले हमारा दाल खाता नही था अब तो दाल बनता है तो दिखने भी अच्छा लगता है। उनके पति सुरेश जी कहते है की हम लोग पहले जिस चापाकल का पानी पीते थे तो दिन भर मे लगभग 2 से 3 गिलास ही पानी पीते थे, लेकिन जब से ये फिल्टर लगा है दिन और रात मिलाकर लगभग 6 से 7 लीटर पानी पी लेते है तथा पानी पीने से भूख भी ज्यादा लगती है तथा पेट भी हल्का रहता है।

रामबाबू जी जो सुरेश जी का सबसे छोटा पुत्र है उनका कहना है कि जब हम सुबह शौच के लिए जाते थे तो पेट शुबह में पूरी तरह से साफ नहीं होता था, जिससे पूरा दिन पेट भारी रहता था जिससे काम करने में मन नही लगता था, लेकिन जब से जलकल्प का पानी मिल रहा है। पेट शुबह में पूरी तरह से साफ हो जाता है। किरण देवी कहती है कि पहले मेरा बदन दर्द करता था, लेकिन अब हमको लगता है कि अगर इस पानी को और अधिक दिनों तक पिया जाये तो सारा दर्द ठीक हो सकता है। रामबाबू जी कहते है कि हमारे घर के आसपास के लोग इस फिल्टर के बारे में पूछते है तो हम लोग इसके बारे मे पूरी जानकारी देते है और कहते है कि आप लोग भी जलकल्प फिल्टर लगा कर शुद्ध पानी पिए, क्योंकि दूषित पानी पिने से 90 प्रतिशत बीमारी होती है।